हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

11 वांछित अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाएं : एसपी



12 धान खरीद ने सारे रिकार्ड तोड़े, पिछले साल की अपेक्षा 145 %...



## खबर संक्षेप

### जमीन बेचने के नाम पर हड़पे पैसे, दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने जमीन बेचने के नाम पर पैसे गबन करने वाले दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उमेद पुत्र ओमप्रकाश और मदन पुत्र छबीलदास निवासी गांव गदली, भट्टू कलां के रूप में हुई है।

### लोहे के सरिए गबन करने के मामले में युवक दबोचा

**फतेहाबाद।** लोहे के सरिए गबन करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेश कुमार पुत्र चांद सिंह निवासी भराणा, जिला झज्जर के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 अगस्त को शिकायतकर्ता विनय गर्ग निवासी लोहा मंडी, हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ढांड से बिघड़ रोड, फतेहाबाद में बन रही सरकारी जेल में उनके द्वारा भेजा जा रहा लोहे का सरिया ट्रक ड्राइवरों द्वारा चोरी कर बेच दिया जा रहा था।

### पुरानी रंजिश के चलते किया हमला, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** पुरानी रंजिश के चलते हमला करने के मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अविनाश कुमार उर्फ विक्की शर्मा पुत्र सेवक कुमार निवासी वार्ड नं. 4, रतिया के रूप में हुई है।

### गुम हुए बुजुर्ग को सुरक्षित परिवार के किया हवाले

**फतेहाबाद।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत भट्टू पुलिस ने रेवाड़ी से गुम हुए एक बुजुर्ग को उनके परिवार से सुरक्षित मिलाया। थाना भट्टू कलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि गस्त के दौरान पुलिस को एक बुजुर्ग मिले। जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि वह रेवाड़ी के निवासी हैं और गलती से भट्टू कलां पहुंच गए थे। पुलिस ने तुरंत बुजुर्ग के परिवार से संपर्क किया और उनके बेटे को थाना बुलाकर बुजुर्ग को उसके हवाले किया।

### हत्या के प्रयास करने का वांछित गिरफ्तार

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने जानलेवा हमला कर हत्या के प्रयास मामले में एक साल से वांछित 10वें आरोपी सोनू निवासी कालांवाली को गिरफ्तार किया है। ओढां थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश रानी ने बताया कि 23 अक्तूबर 2024 को कर्मबीर निवासी गदराना ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि जब वह सिरसा अदालत में पेशी से होकर अपने दोस्तों के साथ आल्टो कार से वापिस घर पर आ रहा था, उसी दौरान आरोपियों ने उसकी कार को टक्कर मारते हुए उस पर व उसके दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया।

# अधिकारियों की मनमानी के चलते एक सप्ताह से धरने पर बैठे पार्षद

## अधिकारी 'बनाने और तोड़ने' के नाम पर जेबें भरने में लगे, नप कैंपस के बाहर गाढ़े तंबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले एक सप्ताह से नगरपरिषद के पार्षद नगरपरिषद अधिकारियों की मनमानी के चलते धरनारत है। धरने को विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ सामाजिक संगठन अपना समर्थन दे रहे हैं। हैरानीजनक बात यह है कि शहर के 27 पार्षद धरने पर हैं लेकिन नगरपरिषद अधिकारियों कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। पार्षदों के साथ अन्य लोगों का भी कहना है कि नगरपरिषद अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। यह अपने आकाओं की जी-हजूरी में ही लगे रहते हैं, आमजन के हितों से इनका कोई लेना-देना नहीं है। यही कारण है कि अधिकारियों पर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया।

नगरपरिषद का हाल यह है कि नगरपरिषद के पास विभिन्न बैंकों में करीब 90 करोड़ की धनराशि सेविंग खाते में पड़ी हुई है लेकिन शहरवासी विकास को तरस रहे हैं। शहर में कचरा ही कचरा फैला हुआ है। पार्षदों का कहना है कि फुटपाथ निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। पहले बिना किसी योजना के फुटपाथ बनाए गए और अब इन्हें तोड़ा जा रहा है। बनाने और तोड़ने दोनों में अधिकारी मालामाल हो रहे हैं।



फतेहाबाद। नगरपरिषद के मुख्य गेट पर धरने पर बैठे पार्षद व अन्य संगठनों के प्रतिनिधि।

अब तक पार्षद नगरपरिषद कार्यालय के अंदर धरना दे रहे थे। रविवार से पार्षदों ने अपने आंदोलन को तेज करते हुए अब नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया है। मुख्य गेट पर बकायदा तंबू गाढक़र पार्षद धरने पर बैठ गए हैं और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्षदों के समर्थन में रविवार को अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी धरनास्थल पर पहुंचे और नगरपरिषद अधिकारियों के रवैये पर रोष जताया। नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची भी धरने में शामिल हुए।

बता दें कि, पार्षद लंबे समय से नगर परिषद के कार्यों में पारदर्शिता और विकास कार्यों की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने से उनमें रोष बढ़ता जा रहा है।

### डीएमसी और एडीसी ने भी पार्षदों से की बातचीत

पार्षदों के आंदोलन के चलते डीएमसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने धरनास्थल पर जाकर पार्षदों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद डीएमसी द्वारा 6 नवंबर को हाऊस की बैठक भी बुलाई गई जिसमें पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर एजेंडे सौंपे लेकिन उसके बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। धरने पर बैठे वार्ड नंबर 12 के पार्षद मोहन लाल नारंग और वार्ड 9 के पार्षद सुभाष नायक ने कहा कि हम चाहते हैं कि नगर परिषद में कानून के अनुसार काम होने चाहिए। डीएमसी ने समस्याएं तो जानी हैं, लेकिन उनके समाधान को लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दिया है। इस कारण समस्याओं का हल नहीं निकल रहा है। पार्षद नारंग ने कहा कि चिल्ली झील का मुद्दा नहीं सुलझा है। सोलर लाइटें लगी हुई हैं, उनकी कोई संभाल नहीं है। डिवाइडर बनाने में तकनीकी खामियां बरती गई। कोई मॉनिटरिंग कमेटी ही नहीं है। अब स्ट्रीट लाइट्स का ठेका खत्म हो गया है। नया टेंडर लगा ही नहीं है।



फतेहाबाद। प्रदर्शन में भाग लेते फतेहाबाद के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# सरकार ने 11 को बातचीत के लिए चंडीगढ़ बुलाया : दुसाद

- फतेहाबाद के शिक्षकों ने शिक्षामंत्री आवास पर प्रदर्शन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक के आह्वान पर रविवार को शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पानीपत में किए गए प्रदर्शन में फतेहाबाद से भी शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल के नेतृत्व में अध्यापकों के अनेक जत्थे जिलेभर से पानीपत पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुड़ाही, आदि ने बताया कि मांगों का समाधान न होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के दबाव में प्रदेश सरकार द्वारा संघ के प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर बातचीत के लिए 11 को चंडीगढ़ बुलाया है।

### प्रमुख मांगें

अध्यापक संघ ने मांग की है कि 2012 से पर्व नियुक्त जेबीटी, सीएंडवी या पदोन्नत टीजीटी को नियुक्ति के समय की शर्तों के अनुसार एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए। निदेशालय स्तर पर टीजीटी और पीजीटी के एसीपी मामलों का अतिशीघ्र निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक स्थाई प्रकिया है, इसलिए सभी तरह के अध्यापकों को नियमित किया जाए और शिक्षकों के सभी खाली पदों को नियमित भर्ती से भरा जाए। सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले प्रत्येक सत्र के आरम्भ के प्रथम सप्ताह में करने सुनिश्चित किए जाएं।



### तस्करों की धरपकड़ को लेकर चलाया अभियान

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार रतिया पुलिस ने नशा तस्करों और सौदागरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। डीएसपी नर सिंह के नेतृत्व में रविवार सुबह पुलिस ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वान डॉग स्क्वाड, स्वेत टीम और कमांडो दस्तों के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। रतिया के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की गहन तलाशी ली गई।

### खतरनाक ड्राइविंग करने पर बाइक चालक का किया चालान



फतेहाबाद। खतरनाक ड्राइविंग करते पकड़ा गया बाईक चालक। फोटो : हरिभूमि

**फतेहाबाद।**।ट्रेफिक नियमों की उल्लंघना कर नेशनल हाइवे पर डिवाइडर पार करते हुए खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिल चलाने वाले चालक के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक ने सुरक्षित गति और नियमों की अनदेखी करते हुए हाईवे पर खतरनाक ड्राइविंग की, जिससे न केवल उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई, बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों की भी जान जोखिम में आ गई। यह कृत्य मोटरवाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है और गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता था। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की। इस कार्रवाई का उद्देश्य सभी वाहन चालकों को सतर्क करना और सडक़ पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की कि

# गांव आनन्दगढ़ में घर में खड़ा ट्रैक्टर आग लगने से जलकर हुआ राख

- शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने आग पर पाया काबू
- पुलिस ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई और रिपोर्ट दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव आनंदगढ़ में एक किसान के घर में खड़े ट्रैक्टर में अचानक आग लग गई और ट्रैक्टर पूरी तरह से जल गया। किसान राजेन्द्र कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी आनंदगढ़ ने बताया कि उसने दिन में गेहूं की फसल की बिजाई करने के बाद अपना ट्रैक्टर शाम को घर के अन्दर बने शेड के नीचे खड़ा कर दिया। रात को करीब 2:30 बजे जब वह लघुशंका के लिए उठा तो देखा कि ट्रैक्टर आग की लपटों में घिरा हुआ था। शोर मचाने पर काफी लोग मौके पर पहुंच गए और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। काफी कोशिश करने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन आग तीव्र होने के चलते कुछ ही देर में ट्रैक्टर पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ गया। इस आगजनी की घटना में किसान को काफी नुकसान हुआ है। आगजनी में ट्रैक्टर के साथ-साथ शेड को भी नुकसान पहुंचा है।



सिरसा। गांव आनन्दगढ़ में आग लगने से जला हुआ ट्रैक्टर। फोटो : हरिभूमि

### करीब 5 लाख रुपये में खरीदा था ट्रैक्टर

किसान ने बताया कि उसने कृषि कार्य हेतु कुछ वर्ष पूर्व ही करीब 5 लाख रुपये में ट्रैक्टर खरीदा था। बिजाई का सीजन होने के चलते ट्रैक्टर जलने के कारण किसान को कृषि कार्य हेतु काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। किसान राजेन्द्र ने बताया कि संभवतः यह आग ट्रैक्टर में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी है, क्योंकि आगजनी की घटना से कुछ घंटे पूर्व ही उसने ट्रैक्टर खेत से लाकर खड़ा किया था। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और इतफाकिया करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किसान की प्रशासन से मांग है कि उसे मुआवजा दिया जाए ताकि वह दोबारा से खेती का काम शुरू कर सके।

## फर्जी कॉल कर ठगने वाले तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फर्जी कॉल के माध्यम से हजारों रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आस मोहम्मद पुत्र अमर मोहम्मद निवासी निकच, जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 10 जून को शिकायतकर्ता विजय सिंह पुत्र ओमप्रकाश पुत्र शयोराम निवासी दैयड़, तहसील भट्टू कलां, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर झूठ बोलकर धोखे से उससे 5 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई थी। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी क्रम में अब तीसरे आरोपी आस मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## बुलेट पटाखा मॉडिफाई करने पर चालक पर जुर्माना



फतेहाबाद। बुलेट का चालान करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने और साइलेंसर मॉडिफाई कर ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट चालकों पर पुलिस द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में टोहाना ट्रैफिक पुलिस ने हाल ही में एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक पर कानूनी कार्यवाही करते हुए 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया है। टोहाना ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक धर्मचन्द ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि बाइक का साइलेंसर मॉडिफाई किया हुआ था, वाहन का इंश्योरेंस वैध नहीं था और नंबर प्लेट में भी बदलाव/मॉडिफिकेशन किया गया था। नियमों के इस उल्लंघन को देखते हुए चालक पर कुल 12,500 का जुर्माना और कानूनी कार्यवाही की गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें। वाहन का इंश्योरेंस वैध रखें, नंबर प्लेट सही ढंग से लगाएं और साइलेंसर एवं अन्य पार्ट्स को कानूनी मानकों के भीतर ही उपयोग करें।

## लाखों की अफीम सहित सीआईए टोहाना पुलिस ने हिसार के तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना टीम ने लाखों रुपये मूल्य की 2 किलो 537 ग्राम अफीम बरामद कर हिसार के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ राजू पुत्र बंसीलाल निवासी तलबड़ी बादशाहपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। उपपुलिस अधीक्षक टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अफीम की बड़ी खेप लेकर किसी सौदे की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने गांव ललोद रजवाहा के पास नाकाबंदी की। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 2 किलो 537 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ राजू पुत्र बंसीलाल निवासी तलबड़ी बादशाहपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। बरामद अफीम की अनुमानित बाजार कीमत लगभग साढ़े 6 लाख रुपये बताई जा रही है। सीआईए टीम की तत्परता और सतर्कता के चलते एक बड़ी खेप को बाजार में पहुंचने से पहले ही जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ की तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी की जाएगी।

## धर्म-कर्म | देवादि देव महादेव के पूजन से काल का भय होता समाप्त



काल भैरव।

# मार्गशीर्ष अष्टमी पर काल भैरव जयंती 12 को, पूजन से काल के भय से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मार्गशीर्ष मास की अष्टमी तिथि यानि 12 नवंबर को बाबा काल भैरव जयंती मनाई जाएगी, जो भगवान शिव के उग्र रूप काल भैरव के प्राकट्य का उत्सव है। इस दिन महादेव और काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार के भय, पाप और शत्रुओं से मुक्ति मिलती है, तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यह तिथि शनि, राहु और केतु दोषों को दूर करने के लिए भी अत्यंत शुभ मानी जाती है। फतेहाबाद के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार भगवान काल भैरव को न्याय का देवता माना जाता है। उनकी पूजा करने से भक्तों के सभी भय, पाप और संकट समाप्त हो जाते हैं। जिन लोगों की कुंडली में शनि, राहु या केतु जैसे ग्रहों का दोष होता है, उनके लिए यह दिन बहुत ही शुभ होता है। काल भैरव की उपासना से जीवन की नकारात्मक शक्तियों और बाधाओं का नाश होता है। काल भैरव की पूजा से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है और जीवन की रक्षा होती है। इसके अलावा काल भैरव के पूजन से साधक को आंतरिक शक्ति और स्पष्टता प्राप्त होती है।

### व्रत के दौरान क्रोध, दुर्भावना नहीं होनी चाहिए

पंडित राजेश शर्मा के अनुसार इस दिन पूजा से पूर्व सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनना अनिवार्य है। पूजा स्थल पर तिल का तेल, काले वस्त्र, काले तिल आदि का विशेष महत्व है। यह काल भैरव से जुड़े प्रतीक माने जाते हैं। व्रत के दौरान किसी भी प्रकार का क्रोध, झगड़ा, गलत विचार व दुर्भावना नहीं होनी चाहिए। अगर संभव हो सके तो आधी रात या प्रातःकाल में जागरण, भजन-कीर्तन आदित्य करें, क्योंकि इसे और अधिक प्रभावशाली माना जाता है।



### काल भैरव का महत्व

पंडित राजेश शर्मा के अनुसार भगवान शिव के भैरव रूप का प्राकट्य इसी दिन हुआ था। कथा के अनुसार एक बार ब्रह्मा जी ने स्वयं को सृष्टि का सर्वोच्च बताया। अहंकार में उन्होंने भगवान विष्णु और शिव का अपमान कर दिया। तब शिव ने अपने क्रोध से काल भैरव को उत्पन्न किया, जिन्होंने ब्रह्मा का अहंकार नष्ट कर दिया। उसी दिन को काल भैरव जयंती के रूप में मनाया जाता है। काल भैरव को न्याय का देवता माना गया है। ऐसा विश्वास है कि वे अपने भक्तों के सभी भय, पाप और संकटों को समाप्त करते हैं। हैं। जिन लोगों की कुंडली में शनि, राहु या केतु केतु दोष होते हैं, उनके लिए यह दिन अत्यंत त्यंत शुभ होता है। साथ ही यह तिथि तंत्र-मंत्र साधना और गूढ़ विद्या के लिए भी बेहद मानी जाती है।

### रुद्र यामल तंत्र में 64 भैरव का जिक

पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार भगवान शिव के पांचवें अवतार का नाम काल भैरव है, जिनकी कई रूपों में पूजा की जाती है। रुद्र यामल तंत्र में 64 भैरव का जिक्र देखने को मिलता है, लेकिन मुख्यतया उनके दो ही रूपों की पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार भगवान भैरव का बटुक स्वरूप शांत और सौम्य है तो वहीं उनका दूसरा स्वरूप काल भैरव उग्र रूप माना जाता है। उनके हाथ में त्रिशूल, तलवार और दंड होने के कारण इन्हें दंडपाणि के नाम से भी जाना जाता है। कहा गया है कि जिनके नाम से काल भी कांपता हो, उनकी पूजा करने से साधक को किसी भी तरह का डर नहीं सताता है। भगवान भैरव क्रोधी स्वभाव के बावजूद अपने भक्तों के सभी कष्ट और दुखों को हर लेते हैं।

# अटल किसान मजदूर कैंटीन योजना मजदूरों के लिए बनी वरदान

- कैंटीन के माध्यम से महिलाओं को भी मिला रोजगार का अवसर
- 10 रुपये में मिल रहा भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

किसानों और मजदूरों के हित में शुरू की गई 'अटल किसान मजदूर कैंटीन योजना' आज मजदूर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत केवल 10 रुपये में भरपेट, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मेहनतकश वर्ग को किफ़ायती दर पर भोजन की सुविधा मिल रही है। यह योजना हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला एवं मार्केट कमेटी भट्टूकलां द्वारा प्रायोजित है तथा इसका संचालन हरियाणा राज्य आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन की यह पहल न केवल मजदूरों के लिए राहत लेकर आई है बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजग़ार और आत्मनिर्भरता का नया अवसर भी बनी है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 250 मजदूर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं, जो सुबह से दोपहर तक कैंटीन में स्वादिष्ट और संतुलित भोजन का आनंद लेते हैं। इस कैंटीन में कुल 6 महिलाएं गीता, सविता, सिलोचना, बाला, चाही और कविता कार्यरत हैं, जो प्रतिदिन बड़े मनोयोग से भोजन तैयार करती हैं। कैंटीन में दाल, कढ़ी, सब्ज़ी, चावल और रोटियाँ बनाई जाती हैं, जिससे मजदूरों को घर जैसे स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की सुविधा मिलती है। स्वयं सहायता समूह की सदस्य गीता देवी ने बताया कि हम महिलाओं को सरकार की इस योजना से बहुत लाभ हुआ है।



भट्टूकलां। अटल किसान मजदूर कैंटीन में खानाबनाती स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style



# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।' अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी मैं गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह



बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 90 रोगियों का किया उपचार

**कालांवाली।** भारत विकास परिषद शाखा कालांवाली द्वारा वाटर वर्क्स रोड पर स्थित आचार्य श्री तुलसी महाप्रज्ञ होम्योपैथिक अस्पताल में रविवार को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाया गया। शिविर में रोगों से पीडित 90 रोगियों की निशुल्क जांच करके होम्योपैथिक दवाईयां निशुल्क वितरित की गई। शिविर में 250 लोगों को डेंगू से बचाव के लिए दवाई पिलाई गई। शिविर के संयोजक डॉ. मुनीश गुप्ता व हीरा सिंह अरनेजा ने बताया कि इस शिविर में आचार्य श्री तुलसी महाप्रज्ञ होम्योपैथिक जैन अस्पताल की टीम के डॉ. सोहन सिंह, प्रीति कुमारी, मोनू जिंदल व संजीव वर्मा ने अपना सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा शीघ्र ही अपंग-विकलांग चैकअप व आप्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की गुत्थी सुलझाई

**चोपटा।** पुलिस ने सिरसा जेल से आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर बाइक चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी गिरफ्तार किया है। चौपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि बीती 13 जुलाई 2021 को गांव रुपाणा निवासी रोबिन पुत्र बलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बस स्टैंड चोपटा में बाइक खड़ा कर किसी काम से बाजार में चला गया था। वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना नाथूसरी चोपटा में बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर नाथूसरी चोपटा थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सरवन सिंह निवासी डिंग को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर शामिल तफतीश कर पूछताछ की।

### गंगवा में 25 लाख की लगवाएं जाएंगे सीसीटीवी

**हिसार।** सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापक जनहित के मद्देनजर हिसार के गंगवा क्षेत्र में 25 लाख रुपए की राशि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने यह कार्य शीघ्रातिशीघ्र करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गांव गंगवा सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सीएसआर निधि से 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा की स्थापना के उपरांत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और असामाजिक गतिविधियों को रोकने की दिशा में मदद मिलेगी।

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा 14 को

**आदमपुर।** आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार 14 नवंबर से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व नरेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके अलावा 22 नवंबर को 93वीं खाटू श्याम-सालासर बस यात्रा रवाना होगी। सीट बुकिंग के लिए आदमपुर क्लाथ मार्केट में श्रीश्याम लाइब्रेरी पर संपर्क कर सकते है।

---

प्रदेश में 20 नवंबर तक चलाया जा रहा 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन'

# वांछित अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाएं : एसपी सहारण

**अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलकर गतिविधियों पर रखें पैनी नजर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि प्रदेश में आगामी 20 नवंबर तक ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में फिरौती, अपहरण, गोलीबारी तथा हत्या जैसे संगीन अपराधों व संलिप्त वांछित भगौड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करें, तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए। एसपी दीपक सहारण रविवार को पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

एसपी ने थाना प्रभारियों से कहा कि आमजन का सहयोग लेकर नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न आपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए। एसपी ने कहा कि सिरसा में नशे को को जड़ से समाप्त करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी । यदि किसी थाना प्रभारी के क्षेत्र में नशीला पदार्थ बिकता हुआ पाया जाता है तो थाना प्रभारी की जवाब देही तय होगी। थाना प्रभारी पीएम विंडो, सीएम विंडो व हर समय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीड़त व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग वास्तव में जन सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है और पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवा, सुरक्षा, सहयोग और सत्यनिष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर अपनी व पुलिस विभाग की अच्छी छवि के लिए काम करना चाहिए । उन्होने थाना प्रभारियों को थाने के रिकॉर्ड तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि हर सप्ताह सभी थाना प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा होगी काम में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।



सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी दीपक सहारण।

- पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक का आयोजन

### फतेहाबाद : हत्या, लूट मामलों में 13 अपराधी किए गिरफ्तार

*__फतेहाबाद।__ हरियाणा पुलिस के ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत फतेहाबाद पुलिस ने हत्या, लूट, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे संगीन मामलों में अब तक 13 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि मजबूत खुफिया तंत्र की मदद से जिले के विभिन्न इलाकों में गहन छापेमारियों के बाद इन अपराधियों को काबू किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हत्या के 5, लूट और हत्या के प्रयास के 7 तथा अवैध हथियार रखने के 1 आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से हथियार, कारतूस, चोरी के वाहन और लूट में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की। गिरफ्तार अपराधियों में कई लंबे समय से फरार और इनामित भी थे। सीआईए टोहाना, सीआईए रतिया, सीआईए फतेहाबाद, साइबर सेल और थानास्तर की संयुक्त कार्रवाई ने जिले में आपराधिक नेटवर्क को करारा झटका दिया है। एसपी ने कहा कि ऑपरेशन ट्रेक डाउन की शुरुआत जिले में अपराधियों की गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी। ऑपरेशन ट्रेक डाउन का अगला चरण मोस्ट वांटेड और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर केंद्रित रहेगा। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक फतेहाबाद पूरी तरह अपराधमुक्त नहीं हो जाता, और आम जनता सुरक्षा और भरोसे के साथ जीवन यापन कर सके।*



फतेहाबाद। ठंड बढ़ने से मौसम हुआ सुहावना।

# पहाड़ों में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में बढ़ी ठंड, रात का पारा 9 डिग्री पहुंचा

**तेज हवाएं चलने से रातें और होंगी ठंडी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नवंबर माह में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के बाद अब प्रदेश के मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर बढने लगा है। बीते दो-तीन दिनों से जिले में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। उत्तर-पश्चिमी हवाएं और तेज चलने से रातें और ठंडी होंगी लेकिन दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है। दिन का तापमान 1-2 डिग्री तक बढ़ सकता है जिससे सुबह और शाम के समय ठंड का असर ज्यादा महसूस होगा। बता दें कि मौसम में ठंडक बढने के साथ ही रविवार को दोपहर बाद तक साफ मौसम के बावजूद स्मॉग का असर देखा देखा। सुबह 9 बजे शहर का एक्यूआई जहां ऑरेंज जोन में 261 प्वाइंट के साथ पूअर श्रेणी में दर्ज किया वही शाम बजे फतेहाबाद का एक्यूआई थोड़ा लुढ़ककर 253 रहा। इसके साथ ही फतेहाबदा में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सुबह के समय कोहरा बढ़ने की संभावना

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार फिलहाल राज्य में 12 नवंबर तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान रात का तापमान और गिर सकता है जिससे सुबह के समय कोहरा बढने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी गई है कि वे जल्द से जल्द गेहूं की बिजाई पूरी कर लें। सरसों की फसल में यदि किसी प्रकार की बीमारी दिखाई दे तो किसान नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें और उचित उपचार प्राप्त करें।

# नशे के खिलाफ पुलिस ने नुहियांवाली व चौटाला में करवाए खेल मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

पुलिस का नशे के खिलाफ एक्शन जारी है। इसी कड़ी में जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देते हुए जहां शिक्षण संस्थानों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर खेल मैदानों पर विभिन्न मुकाबले करवाकर युवाओं में जोश भरा जा रहा है। इसी अभियान में एसपीओ जगरूप सिंह ने रविवार को गांव नुहियांवाली में क्रिकेट व एसपीओ तरसेम सिंह ने गांव चौटाला में वॉलीबॉल के मुकाबले करवाए। इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने युवाओं को खेलों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक हैं। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर कर खेलों की ओर लाने के लिए उनका यह अभियान जारी रहेगा। नशा एक सामाजिक बुराई है और इसको जड़ से मिटाने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समाज का सहयोग बहुत आवश्यक है। नशे के दुष्प्रभाव का सीधा असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। नशीली दवाओं का अधिक सेवन करने से शरीर के विभिन्न अंग और अंगों के साथ-साथ दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है।



ओढ़ां। खेल प्रतियोगिता में भाग लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

### नशीली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरा

नशीली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य, व्यक्तित्व, शिक्षा, संबंध और आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नशा एक समस्या है जिसके समाधान के लिए शिक्षा, उच्चतम स्तर की जागरूकता और सभी समुदाय की सहयोग की जरूरत होती है। नशे के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना चाहिए। नशे के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए समाज को सहयोग करना चाहिए और नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलानी चाहिए।

# सैंड आर्ट के माध्यम से दिखाई श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के बलिदान की गाथा

- चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में आर्ट शो का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्ष पर स्थानीय चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन, आदर्श और उनकी विरासत पर आधारित सैंड आर्ट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो विजय कुमार और कुलसचिव प्रो सुनील कुमार, डॉ गुरसाहिब, प्रो राजकुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान आर्टिस्ट ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन आदर्श से जुड़ी सैंड आर्ट तैयार की।

गौरतलब है कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्ष पर प्रदेश सरकार सैंड आर्ट श्रृंखला प्रस्तुत कर रही है। जिसके तहत सिरसा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में विभिन्न स्थानों पर सैंड आर्ट के माध्यम से वो अमर गाथा का वर्णन किया जाएगा, जिसमें मानवता की रक्षा के लिए गुरु जी ने अपना जीवन समर्पित किया। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के साहस और बलिदान की गाथा राज्य के अलग अलग स्थानों पर सैंड आर्ट के माध्यम से भी प्रस्तुत की जाएगी।




सिरसा। सैंड आर्ट शो का प्रदर्शन करते आर्टिस्ट। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन ठगी से रहें सावधानः एसपी

**डबवाली।** पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने आमजन को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत दी है। एसपी ने कहा कि हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए है जिनमें साइबर ठग खुद को ई (आधार विभाग), बैंक कर्मचारी या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को कॉल या मैसेज कर रहे हैं। वे आपका आधार निलंबित किया जा रहा है, आपका मोबाइल नंबर आधार से हट जाएगा या आपका आधार अपडेट करना जरूरी है जैसे बहाने बनाकर आपसे ओटीपी, बैंक डिटेल्स, या में अन्य निजी जानकारी मांगते हैं और कुछ ही मिनटों में उनके खाते से पैसे निकाल लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बैंक या कोई भी सरकारी संस्था कभी भी फोन या मैसेज पर ओटीपी या आधार विवरण नहीं मांगती। ऐसी किसी भी कॉल या लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करें। यदि किसी व्यक्ति को यह जानना हो कि उनके आधार कार्ड से कौन-सा मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी जुड़ा है, तो वे केवल आधिकारिक वेबसाइट या निकटतम आधार सेवा केंद्र पर जाकर ही यह जानकारी प्राप्त करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि किसी नागरिक को कोई संदिग्ध कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या संबंधित पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाएं। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति से आए कॉल या लिंक पर भरोसा न करें, और ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाना पर साइबर हेल्प डेस्क पर दें ताकि अपराधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही साइबर अपराध के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत है। कोई भी जानकारी साझा करने से पहले सोचें, सतर्क रहें, और दूसरों को भी जागरूक करें।

# नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शिक्षकों व छात्रों ने साइंस कॉन्क्लेव 2025 उड़ान में दिखाई प्रतिभा




सिरसा। साइंस कॉन्क्लेव 2025 उडान में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में विज्ञान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव 2025 उडान में नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा के शिक्षकों व छात्रध्यापकों ने भ्रमण करने के साथ साथ अपनी अपनी प्रतिभागिता दिखाई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इस कार्यक्रम को करवाने का उद्देश्य वैज्ञानिक सोच के साथ अनुसंधान के प्रति रूचि विकसित करना बताया। साइंस एंड मैथ क्लब की इंचार्ज कुसुमलता ने आयोजित राष्ट्रीय कान्फेंस में कृत्रिम बुद्धिमता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रा खुशबू और रजिया ने डिजिटल इंडिया विषय पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेकर मैनुअल रेन प्रोटेक्टर शीर्षक पर एक मॉडल प्रस्तुत किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा उन्नति और मनीष ने अपनी प्रतिभागिता दिखाई। टूर एंड एकरशन कमेटी के इंचार्ज डॉ. संदीप शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रदर्शनियां दिखाने के लिए दो दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण करवाया गया। इसमें विज्ञान एवं नवाचार से जुडी गई तकनीकी टेक्नोलोजी, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

- वैज्ञानिक सोच के साथ अनुसंधान के प्रति रूचि विकसित करना उद्देश्य : मिगलानी
- साइंस एंड मैथ क्लब की इंचार्ज कुसुमलता ने कृत्रिम बुद्धिमता विषय पर विचार प्रस्तुत किए

### सीवरेज पानी व्यवस्था को लेकर आदमपुर की तोड़ी सडकें ग्रामीणों के लिए बनी जी का जंजाल

**आदमपुर।** आदमपुर शहर में सिवरेज पानी निकासी व्यवस्था के लिए एक साल पहले तोडी गई सड़के लोगों, ग्रामीणों व दुकानदारों के जी का जंजाल बनी हुई है। हालत यह है कि शहर में वाहन चलाना तो दूर की बात पैदल आने जाने के लिए लोगों को रास्ते ढूंढने पड़ रहे हैं तथा वह जैसे तैसे कच्चे पक्के रास्तों से घूम कर शहर में पहुंच रहे हैं।

इस समय आदमपुर बाइपास रोड, बस स्टेंड रोड, अनाज मंडी रोड, भादरा रेलवे फाटक रोड सभी मुख्य मार्ग है जो बंद पड़े हैं। इसके चलते आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते बंद होने के चलते शहर में आने जाने वाली बसें भी या तो शहर से बाहर से आ जा रही है या फिर कुछ बसें जैसे तैसे बस स्टेंड से आ जा रही है। फतेहाबाद भट्टू जाने वाली बसें शहर से बाहर से ही आ जा रही हैं, रास्ते बंद होने के चलते दुकानदारों का काम धंधा भी पूरी तरह से ठप्प होकर रह गया हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। विवाह शादियों के सीजन होने के बावजूद ग्राहक कहीं नजर नहीं आ रहे हैं तथा ग्रामीणों ने मजबूरन सामान लेने व बेचने नजदीक के अग्रोहा, भट्टू, फतेहाबाद व हिसार आना-जाना शुरू कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कि पहले आदमपुर में लगभग 60, 70 गांवों के लोग आते थे लेकिन इस समय सिर्फ 4 से 5 गांवों के लोग ही आदमपुर आ रहे हैं। इसके चलते उनका काम धंधा पूरी तरह ठप्प हो गया है।

# भक्त नामदेव के 755वें प्रकाशोत्सव पर धार्मिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

शिरोमणि भक्त नामदेव टांक क्षत्रिय सभा द्वारा शिरोमणि भक्त नामदेव के 755वें प्रकाशोत्सव पर सुखचैन रोड पर निर्माणाधीन धर्मशाला में श्री सहज पाठ का भोग डाला गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के चेयरमैन महेश गोयल मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे जबकि समाजसेवी डॉ. राज कुमार गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो के रागी कुलविंद्र सिंह कोयनी वाले ने कहा कि जिस जगह पर संतों के चरण पड़ जाते हैं। वह स्थान अपने आप में तीर्थ बन जाता है। उन्होंने कहा कि भक्त नामदेव ने अपनी भक्ति के बल पर कई बार भगवान के साक्षात दर्शन किए। हमें उनके द्वारा बताए गए भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्त नामदेव ने सभी के भले के लिए काम किया था ओर उन्हें एकत्रित करने की सेवा की थी ओर आज के समय लोग राजनीति में आकर जनता की सेवा करने का काम कर रहें है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सभा के संरक्षक मास्टर सुखदर्शन सिंह, प्रधान डॉ दर्शन सिंह रतन, पूर्व प्रधान गुरप्रीत सिंह रतन, जगदेव सिंह रतन, बलविंदर सिंह बाबा, निहाल सिंह कैथ, राजू छिंदा, सिकंदर बहिया, पूर्व सरपंच जगविंद्र सिंह खतरावां, काका असीर, लखबीर सोढी, एडवोकेट दलीप सिंह सोलंकी, भाजपा मंडलअध्यक्ष लवली गर्ग, रोमी सोनी, पूर्ण नागर, दिनेश गर्ग, अजय जैमको, मनोज गर्ग सहित अनेक व्यक्ति मौजूद थे।

**एसपी ने दी चेतावनी : फर्जी लिंक से रहें सावधान**

# लोक अदालत के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आगामी 13 दिसम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जैसे-जैसे लोक अदालत की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। ये ठग लोक अदालत की आड़ में फर्जी लिंक भेजकर लोगों से उनकी संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार, साइबर अपराधी ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों से ऐसे लिंक भेज रहे हैं जो देखने में सरकारी प्रतीत होते हैं, लेकिन इनका उद्देश्य केवल एक है, लोगों से उनकी बैंक डिटेल, पासवर्ड, ओटीपी और अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करना। उन्होंने कहा, इन फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही आपकी संवेदनशील जानकारी अपराधियों के पास पहुंच सकती है, जिससे आपका आर्थिक नुकसान हो सकता है। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं। पहला, किसी भी ईमेल, एसएमएस या व्हाट्सएप लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें।



एसपी सिद्धांत जैन।

### जानकारी अधिकृत वेबसाइट से ही प्राप्त करें

दूसरा, लोक अदालत से संबंधित जानकारी केवल सरकारी पोर्टल या अधिकृत वेबसाइट से ही प्राप्त करें। तीसरा, यदि कोई संदिग्ध लिंक या मैसेज प्राप्त हो, तो तुरंत निकटतम थाना या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। और चौथा, किसी भी साइबर धोखाधड़ी के प्रयास की तत्काल रिपोर्ट करें, ताकि अन्य लोग भी सतर्क रह सकें। एसपी जैन ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे स्वयं तो सतर्क रहें ही, साथ ही इस तरह की जानकारी अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ भी साझा करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इन फर्जी लिंक के जाल में न फंसे। उन्होंने कहा, साइबर अपराधी लोक अदालत जैसी संवेदनशील प्रक्रिया का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में केवल आपकी सतर्कता ही आपको सुरक्षित रख सकती है। पुलिस का संदेश स्पष्ट है कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले सोचें, उसे अच्छी तरह जांचें और पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही आगे बढ़ें। आज की डिजिटल दुनिया में एक गलत क्लिक भी आपको साइबर ठगी का शिकार बना सकता है।

# धान खरीद ने सारे रिकार्ड टूटे, पिछले साल की अपेक्षा अब तक 145% ज्यादा खरीद

## इस साल अब तक 10.83 लाख एमटी की आवक, पिछले साल हुई थी 7.43 लाख एमटी की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले की मण्डियों और खरीद केन्द्रों पर धान की आवक जोरों पर है। इस बार धान की खरीद ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। अब तक जिले में पिछले साल से 3 लाख 40 हजार एमटी ज्यादा धान की आवक हो चुकी है जोकि पिछले साल की अपेक्षा 145 प्रतिशत है। खरीद के इस आंकड़े को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि वास्तविक तौर पर धान का उत्पादन कम है लेकिन किसानों व आढ़तियों द्वारा बाहरी राज्यों से धान खरीद कर यहां बेचा जा रहा है।

अभी भी धान की सरकारी खरीद 15 नवंबर तक जारी रहेगी। ऐसे में धान की खरीद का आंकड़ा 150 प्रतिशत को पार कर सकता है। जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 10 लाख 83 हजार 107 एमटी धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 10 लाख 81 हजार 82 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। खरीद का काम तेजी से चल रहा है।



फतेहाबाद। धान लिफ्टिंग में लगे ट्रक। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल

बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 259 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 86 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 82 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 65909 किसानों का 10 लाख 83 हजार 107 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 10 लाख 81 हजार 82 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 19867 किसानों से 3 लाख 98 हजार 490 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 99.37 प्रतिशत यानि 3 लाख 95 हजार 968 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 2522 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 100 प्रतिशत किसानों को 950 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### 755 करोड़ वितरित

हैफेड द्वारा 21759 किसानों से 3 लाख 54 हजार 610 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 99.09 प्रतिशत यानि 3 लाख 51 हजार 382 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 3228 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 99 प्रतिशत किसानों को 835 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 24283 किसानों से 3 लाख 27 हजार 982 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 98.81 प्रतिशत यानि 3 लाख 24 हजार 65 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 3917 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 96 प्रतिशत किसानों को 755 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### 99% धान की लिफ्टिंग

इसमें से करीब 99 प्रतिशत यानि 10 लाख 71 हजार 415 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि मात्र 9667 एमटी धान ही अब मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है। खरीद एजेंसियों द्वारा की गई खरीद की एवज में किसानों को 2540 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी। सरकार द्वारा 15 नवंबर तक परमल धान की सरकारी खरीद की जानी है।

## खबर संक्षेप



सिरसा। स्वर्ण पदक विजेता किंजल।

### नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में किंजल ने जीता गोल्ड

**सिरसा।** देहरादून में आयोजित नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में शहर के लक्ष्य शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी की शूटर किंजल ने अपने शानदार निशाने से एयर राइफल में गोल्ड मेडल जीतकर एकेडमी व जिले का नाम रोशन किया। अकादमी के संचालक अमित फुटेला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एकेडमी की ओर से अंडर-17 वर्ग में किंजल ने प्रतिभागिता की और अपने शानदार निशाने से विरोधी शूटर को परास्त करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अमित फुटेला ने होनहार शूटर किंजल को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### चिलत नवमी पर बिश्नोई मंदिर में होंगे आयोजन

**सिरसा।** श्री गुरु जंभेश्वर भगवान के 490वें परिनिर्वाण दिवस पर 13 नवंबर को बिश्नोई सभा, सिरसा के तत्वावधान में स्थानीय श्री गुरु जंभेश्वर मन्दिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सभा प्रधान खेमचंद बेनीवाल की अध्यक्षता में किया जाएगा। प्रचार सचिव डॉ. मनीराम सहारण ने बताया कि संत स्वामी विवेकानंद के सान्निध्य में प्रातः हवन यज्ञ व पाहल पश्चात, निर्माण दिवस, गुरू महाराज की शिक्षाओं व बिश्नोई पंथ पर परिचर्चा होगी। स्वामी जी अपने प्रवचनों, सारखी भजनों के माध्यम से धर्म नियमों अनुसार जीवन यापन करने की प्रेरणा देंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने रेलवे पार्क के सामने से हुई मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी युवक को काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि सतपाल निवासी गांव फरमाई कलां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेलवे पार्क सिरसा के सामने बाइक को खड़ा कर पार्क के अंदर चला गया था। पार्क से वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर बीती 7 नवंबर 2025 को बाइक चोरी का केस दर्जकर जांच शुरु की गई थी। पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप निवासी गांव लुदेसर जिला सिरसा को टाउन पार्क डबवाली रोड सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया।



भूना। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए भाविप के पदाधिकारी और मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

## भारत को जानो प्रतियोगिता में शांति निकेतन स्कूल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

■ मेजर डॉ. अजय कंबोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

भारत विकास परिषद की भूना शाखा के तत्वावधान में तेरापंथ भवन के प्रांगण में खंड स्तरीय 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्मी के मेजर डॉ. अजय कंबोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सरपंच एसोसिएशन भूना के प्रधान एडवोकेट मांगेराम गोदारा और सरदार जसपाल सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शाखा सचिव सुनील कंबोज ने किया, जबकि अध्यक्षता शाखा प्रधान डॉ. दीपक बंसल ने की। आयोजन में पर्यवेक्षक के रूप में साहिल चिलाना मौजूद रहे और संयोजक सुशील गिरधर ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में कुल 12 स्कूलों की टीमों के 1600 विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों में उत्साह और ज्ञान की जिज्ञासा देखने लायक थी। वरिष्ठ वर्ग में शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना के विद्यार्थी अनंत गोयल और प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वास नवशारदा पब्लिक स्कूल भूना की टीम द्वितीय और शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल नहला की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं कनिष्ठ वर्ग में श्री हरकृष्ण पब्लिक स्कूल भूना की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना की टीम द्वितीय और विश्वास नवशारदा पब्लिक स्कूल भूना की टीम तृतीय स्थान पर रही।

## कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस पर बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस पर रक्तदान करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

बजरंग दल प्रखंड फतेहाबाद द्वारा कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित अतिथियों ने कोठारी बंधुओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए की। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया और बजरंग दल के अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर कोठारी बंधुओं को याद किया। बजरंग दल के फतेहाबाद प्रखंड संयोजक अरूण ने कहा कि वैसे तो बजरंग दल समय-समय पर रक्तदान और सामाजिक कार्य करता रहता है, किंतु आज का यह रक्तदान विशेष रूप से अयोध्या में बने अवैध बाबरी ढांचे को गिराने वाले कारसेवकों एवं कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर 1990 को शरद कोठारी व रामकुमार कोठारी ने कारसेवा के दौरान बाबरी ढांचे पर भगवा ध्वज फहराया था। इसके दो दिन बाद 2 नवंबर 1990 को पुलिस की गोली से दोनों शहीद हो गए थे। इस अवसर पर बजरंग दर्ल कार्यकर्ता राहुल, शिवम्‍ रत्ती, विशाल, गोविंद शर्मा, विनोद, संदीप, नवीन, भरत, सुमित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और रक्तदान किया।

## वित्तीय संस्थान कर्मचारी संघ का द्वितीय अधिवेशन में जोशी चुने गए प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई का किया गठन



फतेहाबाद। वित्तीय संस्थान कर्मचारी संघ के द्वितीय अधिवेशन में चुने गए पदाधिकारी।

वित्तीय संस्थान कर्मचारी संघ यूनिट केंद्रीय सहकारी बैंक का द्वितीय अधिवेशन फतेहाबाद में बिश्नोई मंदिर के प्रांगण में प्रदेश अध्यक्ष अरुण जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला, प्रदेश मंत्री हवा सिंह, प्रदेश मंत्री देवीलाल, विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लों, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा, संजीव बाता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन में सर्वप्रथम प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ ने विगत 2 वर्षों में संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ने संगठन के दो वर्षों का आय व्यय का विवरण रखा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला ने केंद्रीय सहकारी बैंक संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी को भंग किया और नई कार्यकारिणी बनाने का प्रस्ताव रखा। आए हुए कर्मचारियों ने संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी को उत्तरदायित्व दिया। नई कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष अरुण जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमृतपाल कौर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ, प्रदेश संगठन मंत्री हवा सिंह तंवर, कार्यालय प्रमुख संदीप, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय, प्रदेश सचिव संदीप, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय और विकास को चुना गया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण जोशी और प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि प्रदेशभर से आए केंद्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने उन्हें जो उत्तरदायित्व दिया है, वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ निभाएंगे। जोशी ने कहा कि केंद्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारियों की जो भी समस्या है, उसका निवारण बैंक के उच्च अधिकारियों से मिलकर करवाया जाएगा।

## सीडीएलयू में साइंस कॉन्क्लेव परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव 2025 उडान के समापन सत्र में हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन पवन शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों को सम्मानित किया। सीडीएलयू के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दो दिन तक चले इस आयोजन में क्विज, निबंध लेखन, साइंस मॉडल और पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनके परिणाम घोषित किए गए हैं। क्विज प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी गर्ल्ज स्कूल, सिरसा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सतगुरु प्रताप सिंह स्कूल और द सिरसा स्कूल ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। निबंध लेखन में स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसा को प्रथम स्थान मिला। गवर्नमेंट गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसा और ग्रामीण प्रगति सीनियर सेकंडरी स्कूल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। साइंस मॉडल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल, हिजरांवां (फतेहाबाद) ने प्रथम स्थान, गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल, गुडियाखेड़ा (सिरसा) ने दूसरा और श्रीराम न्यू सतलुज स्कूल, सिरसा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय और कॉलेज वर्ग में एमएम पीजी कॉलेज, फतेहाबाद ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मुख्तियार सिंह मेमोरियल साइंस मॉडल में प्रतियोगिता में भी पुस्कार वितरित किए गए।



सिरसा। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते चेयरमैन पवन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड और अन्य फर्जी दस्तावेजों के आधार पर छीना झपटी के मामले में बठिंडा के आरोपी व्यक्ति की जमानत करवाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने रविवार को बताया कि अदालत के आदेश परअनिल पुत्र महावीर निवासी गांव कुलेरी जिला हिसार ने छीना झपटी के एक मामले में बठिंडा पंजाब के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत पर अपने कागजात कोर्ट में जमा करवाए थे। कोर्ट द्वारा जमानतदार के दस्तावेजों की जांच की तो वे फर्जी पाए गए। कोर्ट ने फर्जी आधार कार्ड के आधार पर जमानत लेने वाला अनिल कुमार पुत्र महावीर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा तो वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत के आदेश प्राप्त होने पर आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## गुरु तेग बहादुर के बलिदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ सीएमके में सेमिनार का आयोजन

सीएमके नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहादत वर्ष पर श्री गुरु तेग बहादुर की बाणी और शहादत की समकालीन अवधारणा विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में गुरु तेग बहादुर के संपूर्ण जीवन, बलिदान व मानवता, प्रेम, बंधुत्व पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन हमें प्रेरित करता है। गुरु साहिब ने धर्म व मानवता की रक्षा के अपने जीवन का बलिदान दिया। क्रूर औरंगजेब के विरुद्ध गुरु साहिब ने बहादुरी के साथ सामना किया। गुरु तेग बहादुर का परम बलिदान हमें शिक्षा देता है कि अन्याय के विरुद्ध सदैव डटकर सामना करना चाहिए। धर्म की रक्षा, धर्म की स्वतंत्रा, स्वाभिमान की रक्षा, समाज में भाईचारें की जडें मजबूत करना आदि शिक्षाऐं आज भी प्रासंगिक हैं। आज हमें इन्ही महान पावन गुरु के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय की अंगेजी विभाग का विभागाध्यक्षा अंशु उप्पल व पुस्तकालय अध्यक्षा डॉ. वीर बाला शर्मा ने शिरकत। इसी प्रकार सेमिनार के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गृहविज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनु कथूरिया व इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मंजु व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा मौजूद रहीं।

### एनसीबी ने दबोचा गांजा तस्कर, केस दर्ज

**सिरसा।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने एक गांजा तस्कर को सिरसा शहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एनसीबी सिरसा यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र अग्नू सिंह निवासी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि चिल्ला साहिब गुरुद्वारा के पास एक व्यक्ति नशा बेचने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर दबिश देकर एक संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक किलो 270 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चेक बाउंस मामले में वांछित महिला यूपी से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में वांछित आरोपी महिला को जिला इटावा उत्तर प्रदेश से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी महिला को बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपी महिला अदालत से हाजिर नही हुई। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर आरोपी महिला को 30 नंबवर 2022 को अदालत द्वारा पी.ओ. घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में सीआरपीसी की धारा 174ए के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला मीना बाई को गिरफ्तार किया।

### शिविर में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच



सिरसा। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** स्व. पंडित होशियारी लाल शर्मा की स्मृति में श्री ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर भगवान परशुराम धर्मशाला में आयोजित किया गया जिसमें 150 रोगियों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ राजकुमार शर्मा द्वारा किया गयाा। शिविर में सिरसा के सात विभिन्न चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. ललित मोहन, डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. उमंग गुप्ता, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. जयगोपाल शर्मा, डॉ. इंद्रांशु सारस्वत ने अपनी अमूल्य सेवाएं देते हुए 150 से अधिक लोगों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। प्रधान सुशील शर्मा ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने व संसाधनों के अभाव में लोग अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करवा पाते। ऐसे लोगों के लिए इस प्रकार के शिविर काफी कारगर साबित हो सकते हैं। शिविर के दौरान राजकुमार चोटिया, सुधीर सारस्वत, सीताराम जोशी, राजेश शर्मा, वेद चाडीवाल सरपंच, विजय शर्मा, इंद्रमोहन शर्मा, घनश्याम शर्मा, हीरा लाल शर्मा, सुशील शर्मा, त्रिलोक शर्मा, हुकमचंद शर्मा, हरीश जोशी, सुरेश गौतम व अन्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** 14 तक चलेगा महोत्सव, कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

## सीडीएलयू में त्रिवेणी युवा महोत्सव आज से, दो हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे

उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध पॉप गायक गजेंद्र फोगाट प्रस्तुति देंगे, विवि के विद्यार्थियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम के अंतर्गत 12वां त्रिवेणी युवा महोत्सव कल 10 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक उत्सव है, जिसमें विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों के लगभग दो हजार विद्यार्थी अपनी कला, साहित्यिक प्रतिभा और सांस्कृतिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव का शुभारंभ 10 नवंबर को भव्य सांस्कृतिक फेरी के साथ होगा, जो विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थित जननायक चौधरी देवीलाल की प्रतिमा से प्रारंभ होकर एम.पी. हॉल तक पहुंचेगी। इस फेरी में सभी प्रतिभागी संस्थान अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध पॉप गायक गजेंद्र फोगाट अपनी प्रस्तुति देंगे, जो विद्यार्थियों के उत्साह में चार चांद लगाएगी। कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा देना विश्वविद्यालयों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जीवन में कला और संस्कृति का समावेश व्यक्ति को न केवल संवेदनशील बनाता है बल्कि उसमें नेतृत्व, टीम भावना और प्रबंधन कौशल विकसित करता है। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और श्रेष्ठ संस्कृति है, और इसी संस्कृति की झलक इस युवा महोत्सव में देखने को मिलेगी। कुलगुरु ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं और विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय परिवार ने जिला प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा, यातायात और आतिथ्य की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

### 47 विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

युवा कल्याण निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने बताया कि महोत्सव के दौरान कुल 47 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें संगीत की 17, नृत्य की 6, नाट्य कला की 5, साहित्यिक गतिविधियों की 8 और ललित कला की 11 प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देगा बल्कि भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति उनका जुड़ाव भी गहरा करेगा।

### आई कार्ड से मिलेगी एंट्री

महोत्सव के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में आने जाने के लिए विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आई-कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। सुरक्षा कर्मियों को विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थल निर्धारित किए गए हैं। दुपहिया वाहनों की पार्किंग मुख्य द्वार के निकट तथा चार पहिया वाहनों की व्यवस्था एम.पी. हॉल के सामने ग्राउंड में की गई है। मुख्य प्रवेश विश्वविद्यालय गेट से होगा जबकि निकास कचहरी वाले गेट से सुनिश्चित की गई है। महोत्सव के दौरान हरियाणा, पंजाब और राजस्थान की लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, नाटक, गीत, गजल, कव्वाली और लोक वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। देश के प्रसिद्ध कलाकार भी विशेष अतिथि प्रस्तुति देंगे। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन करेंगे जिससे पूरे परिसर में सांस्कृतिक उल्लास और राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार होगा।

### पुलिस टीम ने संकट में पड़े मंदबुद्धि युवक को सुरक्षित घर पहुंचाया

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के साथ आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर एक नई छवि प्रस्तुत कर रही है। इसी क्रम में रविवार को ईआरवी-217 पुलिस टीम ने मानवता की मिसाल पेश की। डायल 112 पर कॉल आई कि हांसपुर कैची के पास एक मंदबुद्धि युवक हाईवे के बीचों-बीच खड़ा है, जो किसी भी वाहन की चपेट में आ सकता है। ईआरवी पर तैनात ईएसआई देवेन्द्र सिंह ने तुरंत कॉल रिसीव की और मात्र तीन मिनट में मौके पर पहुंचकर युवक से संवाद किया। युवक किसी भी बात को स्पष्ट रूप से नहीं समझा पा रहा था और बार-बार सिर्फ 'कंकरा' बोल रहा था। ईएसआई देवेन्द्र ने युवक को पहले हाईवे के किनारे सुरक्षित स्थान पर लाकर शांति से समझाया। इसके बाद उन्होंने प्रेमपूर्वक बातचीत की और उसे पास के होटल में खाना खिलाया। कुछ समय बाद युवक की पहचान रवि पुत्र नंद सिंह, निवासी ढाणी काली कंकरा, गांव भूथन खुर्द के रूप में हुई। इसके बाद ईआरवी स्टाफ ने रवि को उसके घर पहुंचाया।